(xi) Need to provide financial assistance to State Government of Uttar pradesh for development of primary education, particularly in Khiri district:

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी): सभापति महोदया, भारत सरकार ने अब तक करोड़ों रुपयों की विदेशी सहायता तथा ऋण विदेशी संस्थानों से प्राप्त किया है जिनका उपयोग प्राथमिक शिक्षा के विस्तार में किया जाता है परन्तु प्राथमिक शिक्षा की स्थिति दिन-प्रति-दिन गिर रही है। उत्तर प्रदेश के जनपद खीरी में प्राथमिक शिक्षा का यह हाल है कि जितने शिक्षक प्रतिर्वा रिटायर हो रहे हैं उसके दसवें हिस्से की भी नई नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। जनपद में इस समय कुल 3000 शिक्षक हैं जो कि कुल आवश्यकता का 50 प्रतिशत हैं। शिक्षकों के अभाव में सैकड़ों स्कूल बंद पड़े हैं एवं सैकड़ों एकल विद्यालय चलाए जा रहे हैं। बहुत बड़ी संख्या में बच्चों को प्र ााथमिक शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

अत : केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि तत्काल स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा कराए तथा राज्य सरकार को वित्तीय सहायता प्रदान कर प्राथमिक शिक्षा की समस्या को प्रभावकारी ढंग से हल किया जाए।